जन्माष्टमी महोत्सव 2018

सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय के प्रांगण में कक्षा दसवीं द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूम – धाम से संपन्न हुआ। उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज की गरिमामयी उपस्थिति में ये कार्यक्रम संपन्न हुआ। छात्रों ने बड़े ही सौहार्दपूर्ण तरीके से कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई । छात्र –छात्राओं ने बड़े ही सरल और सहजता से कृष्ण जन्म की कथा का नाट्य रूपांतर प्रस्तुत किया। साथ ही साथ संपूर्ण श्रोतागण को गीता का सार भी समझाया । छात्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में भी गीता सार कितना प्रासंगिक है। इस तरह बड़ी धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हुआ।